| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 01/26 | पत्रावली पेश हुई अभिभाषक उभय पक्ष उपस्थित हैं। आज श्रीमान उपखण्ड अधिकारी राज्य कार्य बाहर दौरे में तशरीफ रखते हैं। अन्य कार्य में व्यस्त है। अभिभाषकगण कन्डोलेन्स पर है। अतः पत्रावली गबिक कार्यवाही हेतु दिनांक 29/01/26 को पेश हो।<br>[signature] | |
| 29-1-26 | पत्रावली पेश हुई प्रार्थी अधिवक्ता उपस्थित प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया प्रार्थी अधिवक्ता ने कथन किया कि प्रकरण पत्थरगढ़ी का है जिसके निस्तारण से किसी का हित प्रभावित नहीं होता है। निस्तारण किया जाना उचित होगा। अतः पत्रावली का निस्तारण किया जाकर जो विस्तृत निर्णय पृथक से लिखाया जाकर शामिल पत्रावली किया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।<br>[signature]<br>उपखण्ड अधिकारी<br>लाखेरी (बून्दी) | |

नम्बर व ता
अहकाम जो इ
हुक्म की तामील
जारी हुए

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, लाखेरी जिला–बून्दी(राज0)

43 / प्रा0पत्र / 2025
दायरा दिनांक 08.05.2025

पीठासीन अधिकारी
श्री सुरेन्द्र सिंह चौधरी(RAS)

बउनवान

1. गौरव खोकर आ0 दयाराम जाति मीना निवासी मकान न0 बी–305 कॉलोनी शिव आफिसर्स कॉलोनी जगतपुरा जयपुर जिला जयपुर राज0।
2. सविता पत्नि हरकेश मीना जाति मीना निवासी मकान न0 बी–305 कॉलोनी शिव आफिसर्स कॉलोनी जगतपुरा जयपुर जिला जयपुर राज0।

–प्रार्थी

बनाम

1. कंचनबाई पुत्री भैरी बाई जाति बैरवा निवासी करीरिया तहसील इन्द्रगढ़ जिला बून्दी राज0।
2. बद्री बाई पुत्री भैरी बाई जाति बैरवा निवासी करीरिया तहसील इन्द्रगढ़ जिला बून्दी राज0।
3. बद्रीलाल आ0 ग्यारसा जाति बैरवा निवासी करीरिया तहसील इन्द्रगढ़ जिला बून्दी राज0।
4. बदाम पुत्री प्रभु जाति बैरवा निवासी करीरिया तहसील इन्द्रगढ़ जिला बून्दी राज0।
5. बदाम बाई पत्नि किशनलाल जाति बैरवा निवासी करीरिया तहसील इन्द्रगढ़ जिला बून्दी राज0।
6. बाबूलाल पुत्री ग्यारसा जाति बैरवा निवासी करीरिया तहसील इन्द्रगढ़ जिला बून्दी राज0।
7. महावीर पुत्र श्रवण जाति बैरवा निवासी करीरिया तहसील इन्द्रगढ़ जिला बून्दी राज0।
8. महादेव पुत्र भैरी बाई जाति बैरवा निवासी करीरिया तहसील इन्द्रगढ़ जिला बून्दी राज0।
9. मोहर पुत्री प्रभु जाति बैरवा निवासी करीरिया तहसील इन्द्रगढ़ जिला बून्दी राज0।
10. रामनिवास पुत्र श्रवण जाति बैरवा निवासी करीरिया तहसील इन्द्रगढ़ जिला बून्दी राज0।
11. रामप्रकाश पुत्र प्रभु जाति बैरवा निवासी करीरिया तहसील इन्द्रगढ़ जिला बून्दी राज0।
12. गायत्री बाई पत्नि हीरालाल जाति बैरवा निवासी करीरिया तहसील इन्द्रगढ़ जिला बून्दी राज0।
13. शम्भूलाल पुत्र ग्यारसा जाति बैरवा निवासी करीरिया तहसील इन्द्रगढ़ जिला बून्दी राज0।
14. सुगना पुत्री किशनलाल जाति बैरवा निवासी करीरिया तहसील इन्द्रगढ़ जिला बून्दी राज0।

उपखण्ड अधिकारी
लाखेरी (बून्दी)

15. सूरजमल पुत्र प्रभू जाति बैरवा निवासी करीरिया तहसील इन्द्रगढ़ जिला बून्दी राज0।
16. सन्तोष बाई पुत्री किशनलाल जाति बैरवा निवासी करीरिया तहसील इन्द्रगढ़ जिला बून्दी राज0।
17. सूरजा पुत्री प्रभू जाति बैरवा निवासी करीरिया तहसील इन्द्रगढ़ जिला बून्दी राज0।
18. छोटूलाल पुत्र श्रवण जाति बैरवा निवासी करीरिया तहसील इन्द्रगढ़ जिला बून्दी राज0।
19. तुलसीराम पुत्र भैरी बाई जाति बैरवा निवासी करीरिया तहसील इन्द्रगढ़ जिला बून्दी राज0।
20. दुर्गा पुत्र मोत्या जाति बैरवा निवासी करीरिया तहसील इन्द्रगढ़ जिला बून्दी राज0।
21. देवेन्द्र पुत्र ग्यारसा जाति बैरवा निवासी करीरिया तहसील इन्द्रगढ़ जिला बून्दी राज0।
22. धारासिंह पुत्र किशनलाल जाति बैरवा निवासी करीरिया तहसील इन्द्रगढ़ जिला बून्दी राज0।
23. पप्पूलाल पुत्र किशन जाति बैरवा निवासी करीरिया तहसील इन्द्रगढ़ जिला बून्दी राज0।
24. पप्पूलाल पुत्र श्रवण जाति बैरवा निवासी करीरिया तहसील इन्द्रगढ़ जिला बून्दी राज0।
25. हजारीलाल पुत्र कल्याण सहाय जाति बैरवा निवासी करीरिया तहसील इन्द्रगढ़ जिला बून्दी राज0।
26. धर्मराज पुत्र हरिशंकर जाति नन्दवाना ब्राहम्ण निवासी बडाखेडा तहसील इन्द्रगढ़ जिला बून्दी।
27. कजोडमल पुत्र रामनाथ जाति कोली निवासी माली पाड़ा टोक राज0।
28. राजकुमार मीना पुत्र श्रीराम मीणा जाति मीणा निवासी कोडियाई तहसील बौंली जिला सवाई माधोपुर राज0।
29. राजस्थान सरकार जर्ये तहसीलदार इन्द्रगढ़ जिला बून्दी राज0।

—अप्रार्थीगण

अधिवक्ता— श्री दिनेश कुमार शर्मा

अन्तर्गत धारा 111,128 राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम

दिनांकः— 29.01.2026

निर्णय

**प्रार्थीगण द्वारा** प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111,128 राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम **1956 के तहत्** प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर कथन किया कि कृषि भूमि खसरा संख्या 389 रकबा **3.37 हैक्टर** वाके ग्राम करीरिया तहसील इन्द्रगढ़ में स्थित है प्रार्थी संख्या 1 के खाते एवं **कब्जे काश्त की** कृषि भूमि खसरा संख्या 2559/324 रकबा 1.00 हैक्टर व ख0सं0 **2560/324 रकबा** 0.42 हैक्टर कुल किता 2 योग रकबा 1.42 हैक्टर वाके ग्राम बडाखेडा **तहसील इन्द्रगढ़ में** स्थित है। प्रार्थी संख्या 2 के खाते एंव कब्जे काश्त की कृषि भूमि 9/1 **रकबा 0.48 हैक्टर** वाके ग्राम पीपल्दा थाग तहसील इन्द्रगढ़ में स्थित है। प्रार्थीगण सगे

उपखण्ड अधिकारी
लाखेरी (बून्दी)

भाई – बहिन है, जिन्होने संयुक्त रूप से प्रार्थना पत्र में अंकित चरण संख्या 1 लगायत 3 कृषि भूमि खरीद कर कब्जा काश्त है प्रार्थीगण की कृषि भूमि ग्राम करिरीया, ग्राम बडाखेडा, ग्राम पीपल्दाथाग के काकड मिलते है वहा स्थित होने से वर्णित भूमि मौके पर एक–दूसरे से मिली हुई है प्रार्थीगण ने दिनांक 11.12.2024 को सीमाज्ञान भी करवाया गया था। प्रार्थीगण अपनी कृषि भूमि में फसल की सुरक्षा हेतु पत्थर की दीवार, तारबाडा करवाने चाहते है तथा भविष्य में पडौसी काश्तकारों से कोई विवाद उत्पन्न न हो इसलिए पत्थरगढी करवाना चाहते है और निवेदन किया कि प्रतिवादी संख्या 29 तहसीलदार इन्द्रगढ़ को मौके पर पत्थरगढी करवाई जाने के आदेश फरमाये जावें।

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया। अप्रार्थीगण को जर्ये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थीगण द्वारा कोई जवाब पेश नही किया गया उनके विरूद्व एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लाई गई भूमिधारी तहसीलदार को पक्षकार बनाए जाने के पश्चात भी कोई जवाब पेश नही किया गया।

हमारे द्वारा प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों व पत्रावली उपलब्ध रिकार्ड का अवलोकन किया गया प्रार्थीगण अपनी कृषि भूमि में फसल की सुरक्षा हेतु पत्थर की दीवार, तारबाडा करवाने चाहते है तथा भविष्य में पडौसी काश्तकारों से कोई विवाद उत्पन्न न हो इसलिए पत्थरगढी करवाना चाहते है। अन्य कोई अनुतोष नही चाहा गया है प्रार्थी द्वारा फसल सुरक्षा व भविष्य में पडौसियों से किसी भी प्रकार का कोई विवाद उत्पन्न न होने की स्थिति को मध्यनजर रखते हुए प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना न्यायोचित होगा।

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम की 1956 की धारा 128 के तहत स्वीकार किया जाता है तहसीलदार इन्द्रगढ़ को आदेश दिया जाता है कि प्रार्थी की कृषि भूमि खसरा संख्या 389 रकबा 3.37 हैक्टर वाके ग्राम करीरिया तहसील इन्द्रगढ़ में स्थित है प्रार्थी संख्या 1 के खाते एवं कब्जे काश्त की कृषि भूमि खसरा संख्या 2559/324 रकबा 1.00 हैक्टर व ख0सं0 2560/324 रकबा 0.42 हैक्टर कुल किता 2 योग रकबा 1.42 हैक्टर वाके ग्राम बडाखेडा तहसील इन्द्रगढ़ में स्थित है। प्रार्थी संख्या 2 के खाते एंव कब्जे काश्त की कृषि भूमि 9/1 रकबा 0.48 हैक्टर वाके ग्राम पीपल्दा थाग तहसील इन्द्रगढ़ जिला बून्दी स्थित कृषि भूमि प्रार्थीगण व अप्रार्थीगण काश्तकारो को तलबकर मौके पर प्राथीगण की आराजी का सीमाकंन बन्दोबस्त नक्शे अनुसार सीमाए चिन्हित कर पत्थरगढी करवाई जावें। आराजी के सीमाकंन व पत्थरगढी कायम करने में होने वाले खर्चे को स्वंय प्रार्थी खातेदार कृषक वहन करेगा। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफतर हो

निर्णय लिखवाया जाकर आज दिनांक 29.01.2026 को सरे इजलास सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
लाखेरी (बून्दी)

उपखण्ड अधिकारी
लाखेरी (बून्दी)